प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज में 238 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का किया लोकार्पण : कहा– महाकुंभ शुरू होने के एक महीने पहले ही पूरी कर ली जायेंगी तैयारियां।
2. झांसी मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू अग्निकांड में सरकार ने कॉलेज के प्रधानाचार्य को पद से हटाया : प्रमुख अधीक्षक समेत तीन को किया गया निलम्बित।
3. उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग कनिष्ठ सहायक के दो हजार सात सौ दो पदों पर करेगा भर्ती : तेइस दिसम्बर से शुरू होंगे ऑनलाइन आवेदन।
4. लखनऊ में खेली जा रही सैयद मोदी इंडिया इंटरनशनल बैडमिंटन चंपियनशिप में पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने जीत के साथ की शुरुआत : कल से होंगे प्री क्वाटर फाइनल मुकाबले। और
5. आगरा एक्सप्रेस वे पर कन्नौज के पास सड़क हादसे में तीन डॉक्टरों समेत पांच की मौत, एक घायल।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज पहुंचकर महाकुंभ स जुड़े विकास कायो का जायजा लिया और महाकुम्भ के लिए 238 करोड़ से अधिक की विभिन्न

परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इसके अलावा उन्होंने महाकुम्भ को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने वाले विभिन्न उपकरणों के साथ नगर निगम में नवनिर्मित कंट्रोल रूम का भी अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान वालंटियर्स और सफाईकर्मियों को यूनिफॉर्म किट और नाविकों को लाइफ जैकेट भी बांटी गई। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया कि महाकुंभ की तैयारी युद्धस्तर पर चल रही है और महाकुंभ शुरू होने के एक महीने पहले ही तैयारियां पूरी कर ली जायेंगी। बाइट.....

*महाकुंभ 2025 की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। आज हम लोगों ने एकबार फिर से यहां पर शासन और प्रशासन के उच्चस्तरीय अधिकारियों ने आकर महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा की है चल रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया है मैनें पाया है कि 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच इस भव्य और दिव्य आयोजन की तैयारी हमारी एक महीने पहले पूर्ण हो चुकी होगी और ये हमारा सौभाग्य होगा कि प्रयागराज महाकुंभ 2025 के शुभारंभ के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन हम सबको प्राप्त होगा जिसके लिए यहां युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रहीं है।*

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज इलाहाबाद विश्वविद्यालय के 136वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। समारोह के दौरान वर्ष 2024 में पास हुए यूजी और पीजी के विद्यार्थियों को डिग्रियां और मेधावी छात्रों को मेडल दिए गए। इस दीक्षांत समारोह में कवि कुमार विश्वास को मानद उपाधि भी प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय का

गौरवमयी इतिहास रहा है, यहां के छात्रों का प्रतिनिधित्व हर क्षेत्र में दिखता है। श्री योगी ने कहा कि भारत प्राचीन समय से ही उच्च शिक्षा का केंद्र रहा है। बाइट.....

*दुनिया की सबसे प्राचीन गुरुकुल इसी प्रयागराज में महर्षि भारद्वाज के द्वारा स्थापित की गई थी। उच्च शिक्षा का केंद्र कैसे होना चाहिए। प्राचीन भारत ने दुनिया को दिखाया था याद करिए आज से पैंतीस सौ वर्ष से पहले और पाँच हज़ार वर्ष के बीच का वह कालखंड जब दुनिया के सर्वश्रेष्ठ दार्शनिक ग्रंथ के रूप में भारत की ऋषि परंपरा ने उपनिषदों की रचना की होगी और उसी उपनिषद की कुछ पंक्तियाँ हमारे गुरुकुल में दीक्षांत उपदेश के रूप में अंगीकार की गई।*

—————————

झांसी के रानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू में हुए अग्नि कांड मामले में सरकार ने कारवाई करते हुए कॉलेज के प्रधानाचार्य को पद से हटा दिया है और तीन अन्य को निलम्बित कर दिया है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर गठित चार सदस्यीय कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करते हुए मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह सेंगर को पद से हटाकर चिकित्सा शिक्षा विभाग के महानिदेशालय से संबद्ध किया गया है। इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सचिन माहुर को आरोप पत्र दिया गया है। वहीं, कॉलेज के अवर अभियन्ता संजीत कुमार, एनआईसीयू वार्ड की नर्सिंग सिस्टर इंचार्ज संध्या राय और मेडिकल कॉलेज की प्रमुख अधीक्षक डॉ. सुनीता राठौर को तत्काल निलम्बित करते हुए आरोप पत्र दिया गया है। गौरतलब है कि महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन चिकित्सा केन्द्र में 15 नवंबर को हुए अग्निकांड में 10 बच्चों की मौत हो गई थी। गंभीर रूप से*

*घायल हुए 8 और बच्चों की मौत को साथ मरने वाले बच्चों की संख्या 18 पहुंच गयी है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

————————

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग कनिष्ठ सहायक के दो हजार सात सौ दो पदों पर भर्ती शुरू करने जा रहा है। इसके लिये तेइस दिसम्बर से बाइस जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन लिये जायेंगे। इसमें संशोधन उन्तीस जनवरी तक किया जा सकेगा। आयोग के सचिव अवनीश सक्सेना ने बताया कि आवेदन आयोग की वेबसाइट यूपी एस.एस.एस.सी. डॉट जोओवी डॉट इन पर लिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि सामान्य चयन के दो हजार पांच सौ अड़सठ और विशेष चयन के एक सौ चौंतीस पद हैं।

————————

प्रदेश के कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आज लखनऊ में भारत—इजराइल ड्राइव 3.0 का शुभारम्भ किया। इसके तहत भारत से 5 हजार श्रमिकों को इजराइल भेजा जाएगा। कौशल विकास मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के कुशल श्रमिकों को इजरायल में रोजगार के नए अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि युवाओं को डिमांड के आधार पर प्रशिक्षण देकर तैयार किया जा रहा है, ताकि उनकी सक्षमता और हुनर का बेहतर उपयोग हो सके। बाइट.....

*इस्राइल में जो बच्चे गए हैं उनका अनुभव बहुत शानदार है वह लगातार वहां काम कर रहे हैं रोजगार के अपार अवसर को मिल रहे हैं और यह और भी अच्छी बात है कि वहां उनको बहुत अच्छी अपॉर्च्युनिटी सैलरी के रूप में, सवा लाख से लेकर डेढ़ लाख रूपये प्रति माह तक उनको यह काम मिल रहा है। भवन निर्माण के क्षेत्र में काम करते हैं, आर्टिफिशियल में काम करते हैं, में काम करते हैं। जो–जो ट्रेनिंग हमारे यहां से हो रही है आईटीआई के माध्यम से उन सब क्षेत्रों में वहां पर काम करने को उनको अवसर मिल रहा है।*

——————

**बक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

———————

**केन्द्र सरकार ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय अभियान बाल विवाह मुक्त भारत की शुरुआत की। अभियान का मुख्य उद्देश्य देश को बाल विवाह मुक्त राष्ट्र बनाना है। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार ने 130 जिलों की**

पहचान की है जहां इस अभियान को मुख्य तौर पर चलाया जाएगा।

वहीं बदायूं के अयाध्या देवी इंटर कॉलेज में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इस मौके पर आकांक्षा समिति की सचिव डॉक्टर रूबी शर्मा ने बाल विवाह के दुष्परिणाम बताते हुए विद्यार्थियों को जागरूक किया।

————————

55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का कल अंतिम दिन है। महोत्सव में आज तपन सिन्हा की फिल्म 'हारमोनियम' सहित लगभग 70 फिल्में प्रदर्शित की गईं। शताब्दी सत्र में तपन सिन्हा की फिल्मोग्राफी, कथा वाचन के अनूठे अंदाज और भारतीय सिनेमा में उनके योगदान पर चर्चा की गई। अर्जुन चक्रवर्ती, एन. मनु चक्रवर्ती और जानी मानी अभिनेत्री शर्मिला टैगोर इस परिचर्चा में शामिल हुए। इस वर्ष फिल्म महोत्सव में भारतीय सिनेमा की चार प्रतिष्ठित हस्तियों– राज कपूर, मोहम्मद रफ़ी, तपन सिन्हा और अक्किनेनी नागेश्वर राव की जन्म शताब्दी भी मनाई जा रही है।

————————

लखनऊ में चल रही सैयद मोदी इंडिया इंटरनशनल बैडमिंटन चंपियनशिप में आज पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने जीत के साथ शुरुआत की। पीवी सिंधु ने अनमोल खरब को सीधे सेट में मात दी। वहीं लक्ष्य सेन ने भी अपने

प्रतिद्वंदी मलेशिया के सालेह आईदिल को सीधे सेट में हराया। अपनी जोत के साथ सिंधु और लक्ष्य दोनों ने अंतिम 16 में जगह बना ली है। मीडिया से बातचीत में पीवी सिंधु ने कहा कि आज की जीत को लेकर वह आश्वस्त थीं और लखनऊ में खेलना उनके लिए हमेशा अच्छा अनुभव रहा है। पीवी सिंधु ने कहा.....

महिला युगल में उत्तर प्रदेश की श्रुति मिश्रा और प्रिया की जोड़ी ने जीत दर्ज की। इस जोड़ी ने भारत की ही वैष्णवी और अलीशा की जोड़ी को हराया। चैम्पियनशिप में कल से प्री क्वाटर फाइनल मुकाबल खेले जायेंगे।

—————————

लखनऊ के गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज में चल रहे नेशनल स्कूल गेम्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज अंडर 17 की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें डिसकस थ्रो, ट्रिपल जम्प, जैवलिन थ्रो के क्वालिफाइंग मुकाबले खेले गए, जबकि शॉट पट, हाई जम्प, पोल वाल्ट और 3000 मीटर वॉक प्रतिस्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले खेले गए। इस प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 4 हज़ार विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं।

—————————

आगरा एक्सप्रेस वे पर कन्नौज के तिर्वा कोतवाली के पास आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे में तीन डॉक्टर समेत पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं एक व्यक्ति गंभीर

रूप से घायल हो गया। मृतकों में इटावा के सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के तीन डॉक्टर, एक लैब टेक्नीशियन और एक स्टोरकीपर शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल हुए एक डॉक्टर का इलाज सैफई मेडिकल कालेज में चल रहा है। ये सभी लोग लखनऊ से शादी समारोह में शामिल होने के बाद वापस लौट रहे थे, तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।

(समाप्त)